University of Lucknow (Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 04 December 2022

## i-NEXT PAGE 4

### 12 छात्रों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों में 12 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है. इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन साफ्टवेयर डेवलपर के पद पर अधिकतम सात लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ. तीन अन्य छात्रों अर्पित पटेल, तौहीद अंसारी और सूरज मौर्या का चयन ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम चार लाख रुपये सालाना और आठ छात्रों दिव्यांश प्रजापति, प्रद्युम्न वर्मा, अमिया सरकार, अंकित यादव, कुशल त्रिपाठी, विवेक चौरसिया, आदर्श कुमार, हर्षित कुमार पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट के पद पर हुआ है। कंपनी ने छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान 18,000 रुपये प्रति माह तथा 15000 रुपये इंसेन्टिव (परफारमेंस के आधार पर) और इंटर्नशिप के बाद छात्रों को अधिकतम छह लाख प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया है. लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी है.



## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : 12 छात्रों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों में 12 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कैपेस सॉफ्टवेयर प्रा. लि. में बीटेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन सॉफ्टवेयर डवलपर के पद पर हुआ है जिन्हें सात लाख सालाना का पैकेज मिलेगा

एक्सप्लोर ऑटोमोटिव प्रा. लि. कंपनी में बीटेक के तीन छात्रों अर्पित पटेल, तौहीद अंसारी और सूरज मौर्या का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ है जिन्हें चार लाख सालाना का पैकेज मिलेगा। स्कोलर कंपनी में बीटेक के आठ छात्रों दिव्यांश प्रजापति, प्रद्युम्न वर्मा, अमिया सरकार, अंकित यादव, कुशल त्रिपाठी, विवेक चौरसिया, आदर्श, हर्षित पांडेय का चयन बिजनेस डवलपर के पद पर हुआ है। इनको इंटर्नशिप में 18 हजार प्रति माह मिलेगा। इंटर्नशिप के बाद सालाना छह लाख का पैकेज ऑफर किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक राय व संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने छात्रों को बधाई दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

### पीजी छात्र आठ तक कराएं वेरीफिकेशन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने नए सत्र में पीजी में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को निर्देशित किया है कि जिन्होंने अपने मूल अभिलेखों का सत्यापन नहीं कराया है, वे प्रोविजनल लेटर के साथ आठ दिसंबर तक संबंधित विभाग में जाकर उनका सत्यापन करा लें। ऐसा न करने पर प्रवेश निरस्त होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

### बीसीए चलाने वाले कॉलेजों से मांगा डाटा

लखनऊ। लविवि ने नए जुड़े चार जिलों रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी व हरदोई समेत लखनऊ के भी बीसीए कार्यक्रम चलाने वाले कॉलेजों से विस्तृत जानकारी मांगी है। डीन इंजीनियरिंग प्रो. एके सिंह की ओर से कॉलेजों को जारी पत्र में कहा गया है कि कॉलेज, नए सत्र में प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की अप्रूव संख्या, अप्रूवल लेटर आदि से संबंधित जानकारी सात दिसंबर तक उपलब्ध कराएं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## NBT PAGE 6

### एलयू के 12 छात्रों को मिली नौकरी

■ एनबीटी सं, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजिनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से शनिवार को हुई प्लेसमेंट ड्राइव में 12 विद्यार्थियों को नौकरी मिली। एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने वताया कि इसमें सॉफ्टवेयर, एक्सप्लोर ऑटोमोटिव और स्कोलर कंपनी कैंपस प्लेसमेंट के लिए आईं। इस वीच वीटेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन सॉफ्टवेयर डिवेलपर के पद पर चयन सात लाख रुपये के पैकेज पर किया गया है। वहीं वीटेक के 11 छात्रों का चयन किया गया है।

### हिंदी के शोधार्थियों की कक्षाएं पांच से

■ एनबीटी सं, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी में पूर्व पीएचडी हिंदी के शोधार्थियों की नियमित कक्षाएं पांच दिसम्वर से शुरू होंगी। यह कक्षाएं कला संकाय के कक्ष नंवर 205 में दोपहर 2:50 से 3:45 के वीच चलेंगी। एलयू के पीआरओ प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने शनिवार को वताया कि समय सारणी विभाग में लगा दी गई है। शोधार्थियों को नियमित कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू: बीटेक के 12 छात्रों को प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 12 छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट मिला है। इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से हुई प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों में 12 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कैपेस सॉफ्टवेयर में बीटेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर अधिकतम सात लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। अन्य छात्रों का भी चयन किया गया है।

### एलयू में छात्रों के समग्र विकास पर हुई कार्यशाला

लखनऊ। एलयू के द्वितीय परिसर में शनिवार को छात्रों के समग्र विकास विषय पर कार्यशाला हुई। एलयू के परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की कार्यशाला में काउंसलिंग एण्ड गाइडेंस सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा प्रधान ने कहा कि नई शिक्षा नीति में इस बात पर बल दिया गया है कि शिक्षा का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक कुशाग्रता को बढ़ावा देना होना चाहिए बल्कि जीवन में सफल होने के लिए उनके सामाजिक और भावनात्मक कौशल को भी बढ़ावा देना चाहिए।

## KANWHIZZ TIMES PAGE 3

### लखनऊ विश्वविद्यालय के 12 छात्रों को हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों में 12 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पांडेय ने बताया कि कैपेस सॉफ्टवेयर प्रालि में बीटेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर अधिकतम सात लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, एक्सप्लोर ऑटोमोटिव प्रालि कम्पनी में बीटेक के 03 छात्रों अर्पित पटेल, तौहीद अंसारी और सूरज मौर्या का चयन ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 04 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर एवं स्कोलर कम्पनी में बीटेक के 08 छात्रों दिव्यांश प्रजापति, प्रद्युम्न वर्मा, अमिया सरकार, अंकित यादव, कुशल त्रिपाठी, विवेक चौरसिया, आदर्श कुमार, हर्षित कुमार पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट के पद पर हुआ। कम्पनी ने छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान 18000 रूपये प्रति माह तथा 15000 रुपये इंसेन्टिव और इंटर्नशिप के बाद छात्रों को अधिकतम 06 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।


## JAGRAN CITY PAGE III

### छात्रों को दिए सुझाव

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर के लावण्या गर्ल्स हास्टल में शनिवार को छात्रों के समग्र विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पैनल में काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल की डायरेक्टर प्रो. मधुरिमा प्रधान, काउंसलर डा. कविता उपाध्याय, हास्टल की प्रोवोस्ट डा. अनुपमा श्रीवास्तव और सेल की डिप्टी डायरेक्टर डा. वैशाली सक्सेना उपस्थित रहीं। डा. मधुरिमा ने छात्रों को काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल के उद्देश्यों के बारे में बताया। छात्रों ने गुमनाम रूप से तनाव को नियंत्रित करने, असफलता के डर, अत्यधिक सोचने, चिंता और अवसाद से संबंधित कई प्रश्न पूछे।

### 12 छात्रों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों में 12 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन साफ्टवेयर डेवलपर के पद पर अधिकतम सात लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।



तीन अन्य छात्रों अर्पित पटेल, तौहीद अंसारी और सूरज मौर्या का चयन ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम चार लाख रुपये सालाना और आठ छात्रों दिव्यांश प्रजापति, प्रद्युम्न वर्मा, अमिय सरकार, अंकित यादव, कुशल त्रिपाठी, विवेक चौरसिया, आदर्श कुमार, हर्षित कुमार पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट के पद पर हुआ है। कंपनी ने छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान 18,000 रुपये प्रति माह तथा 15000 रुपये इंसेन्टिव (परफारमेंस के आधार पर) और इंटर्नशिप के बाद छात्रों को अधिकतम छह लाख प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लखनऊ विवि के 12 बीटेक छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार संवाददाता

**अवसर**

- **एक छात्र को सात लाख, तीन को चार लाख व आठ बीटेक छात्रों को छह लाख का मिला पैकेज**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ( लविवि ) के आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों में 12 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट शनिवार को हो गया। इसमें बीटेक के एक छात्र को सात लाख सालाना का पैकेज मिला है। वहीं तीन छात्रों को चार लाख सालाना का पैकेज के साथ आठ छात्रों को छह लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों में 12 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कैंपस सॉफ्टवेयर प्रा. लि. में बीटेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर सात लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर किया गया है। इसी के साथ एक्सप्लोर ऑटोमोटिव प्रा. लि. कंपनी में बीटेक के तीन छात्रों अर्पित पटेल, तौहीद अंसारी और सूरज मौर्या का चयन ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर चार लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर किया गया है।

इसी क्रम में स्कोलर कंपनी में बीटेक के आठ छात्रों दिव्यांश प्रजापति, प्रद्युम्न वर्मा, अमिया सरकार, अंकित यादव, कुशल त्रिपाठी, विवेक चौरसिया, आदर्श कुमार, हर्षित कुमार पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट के पद पर हुआ। कंपनी ने छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान 18,000 रुपये प्रति माह तथा 15,000 रुपये इंसेन्टिव (परफॉरमेंस के आधार पर) और इंटर्नशिप के बाद छात्रों को अधिकतम छह लाख सालाना का पैकेज ऑफर किया है।

## TRUE TIMES PAGE 2

### लखनऊ विश्वविद्यालय के 12 छात्रों को हुआ कैंपस प्लेसमेंट

ट्रू टाइम्स संवाददाता




लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों में 12 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कैपेस सॉफ्टवेयर प्रा. लि. में बी.टेक के छात्र अभिनव आदित्य का चयन सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर अधिकतम सात लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर, एक्सप्लोर ऑटोमोटिव प्रा. लि. कम्पनी में बी.टेक के 03 छात्रों अर्पित पटेल, तौहीद अंसारी और सूरज मौर्या का चयन ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 4.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर एवं स्कोलर कम्पनी में बी.टेक के 08 छात्रों दिव्यांश प्रजापति, प्रद्युम्न वर्मा, अमिया सरकार, अंकित यादव, कुशल त्रिपाठी, विवेक चौरसिया, आदर्श कुमार, हर्षित कुमार पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट के पद पर हुआ। कम्पनी ने छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान 18000 रूपये प्रति माह तथा 15000 रुपये इंसेन्टिव (परफॉरमेंस के आधार पर) और इंटर्नशिप के बाद छात्रों को अधिकतम 6.0 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## TARUN MITRA PAGE 12

### छात्रों के सामाजिक व भावनात्मक कौशल को बढ़ावा दें : डॉ. मधुरिमा

लखनऊ, 03 दिसम्बर (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर के लावण्या गर्ल्स हॉल में लविवि के परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने छात्रों के समग्र विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस आयोजन की पैनलिस्ट प्रो. मधुरिमा प्रधान (डायरेक्टर-काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल), डॉ. कविता उपाध्याय (काउंसलर, स्प्रिंगडेल कॉलेज), डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव (प्रोवोस्ट-लावण्या गर्ल्स हॉल) और डॉ. वैशाली सक्सेना (डिप्टी डायरेक्टर-काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल) शमिल रही।

वहीं, डॉ. मधुरिमा प्रधान ने लविवि के काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल के उद्देश्यों के बारे में बताया और छात्रों को लविवि के काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल के उद्देश्यों के बारे में बताया। कहा कि नई शिक्षा नीति में इस बात पर बल दिया गया है कि शिक्षा का उद्देश्य न केवल उनकी शैक्षणिक कुशाग्रता को बढ़ावा देना चाहिए, बल्कि जीवन में सफल होने के लिए उनके सामाजिक और भावनात्मक कौशल को भी बढ़ावा भी देना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से संकट और चिंता को प्रबंधित करने और खुश और संतुष्ट होने के लिए बुद्धिमान दिमाग और सूत्र विकसित करने के लिए सुझाव दिए।

प्रदर्शन चिंता, आत्म-पहचान और इसके दीर्घकालिक और अल्पकालिक प्रभाव के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा और प्रदर्शन चिंता से प्रभावित परीक्षा प्रदर्शन को कैसे दूर किया जाए इस पर डॉ.कविता ने चर्चा की। डॉ. वैशाली ने समय चर्तुथांश और कुशल समय प्रबंधन पर चर्चा की। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. ऋतु सिंह (सहायक प्रोवोस्ट- लावण्या गर्ल्स हॉल) और डॉ.अनुपम कुमार त्रिपाठी (समन्वयक-परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ) ने किया।

## TOI PAGE 3

### LU journalism dept's founder no more

Times News Network

**Lucknow:** Former Lucknow University Hindi faculty Prof RC Tripathi (66) passed away following a heart attack at a private hospital on Saturday.

Prof Tripathi had held various administrative posts in the university and contributed immensely to research and publication in the Hindi language. He is survived by his wife, daughter and son.

"Prof Tripathi had founded the journalism department at LU. He did excellent research on the deliverance of poet Suryakant Tripathi Nirala in Hindi journalism," said Hindi faculty at LU, Prof Pawan Agarwal.

He said it's a great loss for the academic world and the LU family. Prof Tripathi had written over two dozen books on Hindi journalism. He was appointed as a lecturer at LU Hindi department in 1990 and retired from the service in 2016. Before joining LU as a lecturer, he had taught at YD college in Lakhimpur Kheri, he added.



Prof RC Tripathi